
पुल पार करने के लिए होते हैं

लेखक: फिलमॉन स्टरजिस
चित्र: जाइलस लरॉश
हिंदी अनुवाद: नीला त्रिवेदी



पुल पार करने के लिए होते हैं

लेखक: फिलमॉन स्टरजिस

चित्र: जाइलस लरॉश

हिंदी अनुवाद: नीला त्रिवेदी



लुसी, गियर और वैन के लिये -- छोटे
पुल से बड़ा भविष्य -- फिल. स्ट.

उन के लिये जिन्होंने लोगों को एक साथ
लाने के लिये पुल बनाये -- जा. ल.



गोल्डन गेट ब्रिज

सैन फ्रांसिस्को, कैलिफ़ोर्निया

स्टील सस्पेंशन ब्रिज

१९३७



चौड़ी समुद्री खाईयां जो ऊंची चट्टानों से घिरी हों, उन पर बने पुल रेल गाड़ियों को पार करने के लिए बनाए जाते हैं।

फर्थ ऑफ फॉर्थ ब्रिज

एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड

डबल कैंटीलीवर स्टील ब्रिज

१८६०

यह पुल समुद्र की एक प्रवेशिका के ऊपर बनाया गया है ताकि रेल गाड़ी शहर में आ सकें। जब इसे बनाया गया था, तब यह विश्व में स्टील की सब से बड़ी संरचना थी।



कुछ पुल गहरी, तंग, घाटियों पर बनाए जाते हैं ताकि इंधन की लकड़ियां लामा पर लाद कर पार ले जा सकें।


अपुरीमैक रिवर ब्रिज

पेरू की एंडीज़ पहाड़ों में

रोप सस्पेंशन ब्रिज

तारीख पता नहीं

यह पुल बहुत पुराना है और नया भी! इसे बहुत सालों पहले बनाया गया था लेकिन इस की हमेशा मरम्मत और पुनर्निर्माण होता रहा है।



कुछ जगहों पर लोगों को आलसी नदियों के पुल पर नाचने की अनुमति है।

स्टार्क ब्रिज

स्टार्क, न्यू हैम्पशायर

प्रोटेक्टेड वुडन ट्रस ब्रिज

१८६२

कुछ लकड़ियों के पुल अगर गिले हो जायें तो सड़ जाते हैं। उस के ऊपर का कवर पुल को सुखा रखने के लिए है, नाचने वाले लोगों के लिए नहीं।



यह पुल नावों को रस्ते के नीचे चलने देता है।

टावर ब्रिज

लन्दन, इंग्लैंड

ड्रॉ ब्रिज

१८९४

उठाऊ पुल बहुत सारे होते हैं। झूले का केंद्र नदी के मध्य में दो घाटों पर होता है।

उर्ध्वाधार लिफ्ट पुल रस्ते को उभाड़ता है जैसे वह आड़ी धरण हो दो टावर के बीच में।

चल पुल, जैसे यह है, वह रस्ते को दो भाग में टिका के रखता है। जहाजों को नीचे से गुज़रने के लिए यह बीच में से दो भागो में अलग हो के ऊपर उठ जाता है।

यह पुल नावों को नदी में चलने देता है।

कोनोकोशियागुफ एक्वाडक्ट
विलियमस पोर्ट, मेरीलैंड
स्टोन आर्च ब्रिज
(पाषाण मेहराब पुल)
१८३५

रेल गाड़ी के आविष्कार से पहले, बाजरा में ही भारी सामान ले जाया जाता था। उन को घोड़े या खच्चर, नहरों में खीज के ले जाते थे जो नदी के पास ही होती थीं। पुलवाही नदी का पानी नहर तक ले जाती थीं। जहां नदी की धाराएं छोटी होती थी वहां नदी को ही पार करना पड़ता था।



और यह पुल नदी को
शहर में ले आता है।

सरगोविया एक्वाडक्ट

सर्जोविया, स्पेन

स्टोन आर्च ब्रिज

**शायद पहली सदी
सामान्य युग**

यह एक दुसरी तरह का कृत्रिम जल मार्ग है। इस को रोम के निवासियों ने बनाया था दो हज़ार साल पहले। अनेकों युद्ध और भूकंप के बावजूद यहाँ अब भी पानी का प्रवाह बरकरार है।



यह पुल सम्राटों और पोप
के लिए बनाया गया था,
अती तेज़ बहने वाली
टाइबर नदी पर।

पौनटे सेईंट एंजलो

रोम, इटली

स्टोन आर्च ब्रिज

१३४ सामान्य युग

यह शानदार पुल रोमनज़ ने अपने सम्राट हेड्रियन की कब्र को शहर के बीच से जोड़ने के लिए बनाया था। एक हज़ार साल बाद पोप ने उस कब्र को एक शक्तिशाली दुर्ग बना दिया। उन्होंने उस पर भगवान का खास दूत, माइकल, की प्रतिमा भी लगवाई। बहुत साल बाद, दूसरे पोप ने भी किसी संत या दूत का पुतला पुल के हर घाट पर लगवाया।





यह पुल जापानी सर्वोच्च सेनापति के लिए बनाया गया था। यह पुल उन्हें अपने बाग में लेजाता जहाँ वे शांति और आनंद का अनुभव कर सकते थे।

इंगेटसू ब्रिज

रिटसुरिन कोइन पार्क

टाकामातसु, जापान

कर्व्ड वुडन बीम ब्रिज

(घुमावदार लकड़ी का धरण पुल)

लगभग १६००

जापान के राजा ऐसे इनायती पुल को पार कर के अपने बाग के अंदर के टापुओं पर जा कर बैठते थे, सोचते थे, सोंधी हवा का मजा लेते थे, मछलियों का पानी छपछपाना देखते थे और शाम को चाँद की परछाई देखते थे, खास पूर्णिमा के दिन।



और यह आम आदमियों के लिए था। लोग उस पार जा कर खरीदी कर सकते थे या गोंडोला को आते जाते देख सकते थे।

पॉनटे डी रियलटो

वेनिस, इटली

स्टोन आर्च ब्रिज

१५९१

वेनिस में बहुत से टापू हैं जो नहर के द्वारा अलग होते हैं। यहाँ मोटर गाड़ियाँ प्रतिबंधित हैं। यह पुल एक टापू से दूसरे टापू पर पैदल जाने के लिए हैं।

कुछ पुल किले के समान होते हैं। वे महलों को सुरक्षित रखते हैं।

पॉनट वेलेंट्रे कहोरस

कहोरस, फ्रांस

स्टोन आर्च ब्रिज

१३०८

इस पुल के घाट जहाजों की कमान के समान हैं जो नदी के प्रवाह का सामना करते हैं। ये उन को बाढ़ के वेग से बचाते हैं।

मीनारों में सैनिक चढ़ाई करने वाली सेनाओं से और इस पुल के पास रखे गोलाबारूद की सुरक्षा करते हैं।



कुछ पुल स्वयं किले होते हैं।

शट्ट डू शूनोसा

शूनोसा, फ्रांस

स्टोन आर्च ब्रिज

१५५६

इस पुल को कैथरीन डू मेडिसी ने बनवाया था। इन्होंने फ्रांस के राजा से शादी की थी। वे इसे अपनी उत्कृष्ट दावतों के लिए इस्तेमाल करती थीं।

बाद में यह जगह लेखकों और कलाकारों के द्वारा अपने विचार, कलाकृतियाँ, कविताएँ, और अपनी संगीत की संरचना को प्रदर्शित करने के लिए इस्तमाल की जाने लगी।





यह पुल '|' आकार की घाटी पर बंधा है। यह घने स्तंभों की बड़ी कृपा से फैला है।

सैलजिनाटोबैल ब्रिज

शीयर्स, स्विट्ज़रलैंड

थ्री हिनज्ड़ कॉन्क्रीट आर्च ब्रिज (तीन कब्जों पर टिका हुआ मेहराब)

१९३०

मेहराब के दो पैरों को ऐसे आकार दिया गया है कि जहां सब से ज्यादा टूटने की गुंजाइश हो उन जगहों पर वे सब से घने हों। इस की डिज़ाइन बहुत ही सावधानी से बनाई गई है और यही कारण है कि एक मजबूत पत्थर का पुल शरआऊ नदी पर बन सका।


यह पुल पोर्ट जैक्सन
खाड़ी के ऊपर एक
मज़बूत स्टील के मेहराब
पर बना है।

सिडनी हार्बर ब्रिज
सिडनी, ऑस्ट्रेलिया
बोस्ट्रिंग आर्क ब्रिज
1932

यहाँ सड़क एक विशाल
मेहराब के नीचे लटकी हुई
है। क्रॉस-क्रॉस टुकड़ों पर
ध्यान दें, जो हवा में
मेहराब को स्थिर रखते हैं।







यह पुल ईस्ट नदी के ऊपर बना है। यह तारों के बुने हुए जाल पर टिका है।

ब्रुकलिन ब्रिज

न्यू यॉर्क


वायर सस्पेंशन ब्रिज

१८८३

यह पुल अपूरमैक रिवर ब्रिज जैसा है, लेकिन बड़ा है। ईस्ट नदी के आस पास ऊंची चट्टानें नहीं हैं। इस लिये पत्थर की मीनारें बनाई गयी थीं ताकि वह मरोड़े हुए स्टील के तार वाले केबल को संभाल सके। यहाँ पर जो पुल दिखाया गया है वह १८८० की स्मृति है जब इस की मीनारें शहर के सब से ऊंचे ढांचे थे।



और यह पुल ऊंचा उठता ही जाता है,
यह हमारे सपने पार लगता है!



"पुल प्यार करने के लिये होते है"

क्या आप ने कभी किसी पुल पर चलते चलते या गाड़ी में सैर करते यह सोचा है कि इस पुल को क्यों और कब बनाया गया? यह विश्व के प्रसिद्ध और शानदार पुलओं का एक विहंगम नजरिया है जो आप को गोल्डन गेट ब्रिज, सैन फ्रांसिस्को, कैलिफ़ोर्निया में मोटर गाड़िया पार करते हुए, पानी पार करती सर्गोविया, स्पेन के कृत्रिम जल मार्ग होते हुए रेल गाड़ी पार ले जाती हुई स्कॉटलैंड की फर्थ ऑफ फोर्थ ब्रिज के दृश्य दिखायेगी। निर्माण के चमत्कार और प्रतिभा सांस्कृतिक प्रतीक है और उन लोगों की गवाही और समर्पण है जिन्हें यह विश्वास था कि वे इन का निर्माण कर सकेंगे।